सेवाओं की पूर्ति करने वाला व्यक्ति केंद्रीय माल और सेवाकर अधिनियम, 2017 की धारा 22 की उपधारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए दायी होगा ।

**स्पष्टीकरण**--इस अधिसूचना के प्रयोजनों के लिए,--

(क) "रेडियो टैक्सी" से ऐसी टैक्सी जिसमें रेडियो कैब जो किसी भी नाम से पुकारी जाए, जिसमें केंद्रीय नियंत्रण कार्यालय से जो मार्गीय रेडियो संचार है तथा ट्रैकिंग के लिए ग्लोबल पोजिसनिंग सिस्टम (जीपीएस) या जनरल पैकेट रेडियो सर्विस (जीपीआरएस) प्रयोग करने के लिए सक्षम है, अभिप्रेत है;

(ख) "मैक्सी कैब", "मोटर कैब" और "मोटर साइकिल" का वही अर्थ होगा जो उनका क्रमशः मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 2 के खंड (22), खंड (25) और खंड (26) में है ।

2. यह अधिसूचना 1 जुलाई, 2017 से प्रवृत्त होगी ।

[फा. सं. 334/1/2017-टी.आर.यू]

रुचि बिष्ट, अवर सचिव

## NOTIFICATION

New Delhi, the 28th June, 2017

**No. 17/2017-Union Territory Tax (Rate)**

**G.S.R. 708(E).—**In exercise of the powers conferred by sub-section (5) of section 7 of the Union Territory Goods and Services Tax Act, 2017 (14 of 2017), the Central Government, on the recommendations of the Council, hereby notifies that in case of the following categories of services, the tax on intra-State supplies shall be paid by the electronic commerce operator –

(i) services by way of transportation of passengers by a radio-taxi, motorcab, maxicab and motor cycle;

(ii) services by way of providing accommodation in hotels, inns, guest houses, clubs, campsites or other commercial places meant for residential or lodging purposes, except where the person supplying such service through electronic commerce operator is liable for registration under clause (vi) of section 21 of the Union Territory Goods and Services Tax Act, 2017 read with sub-section (1) of section 22 of the said **Central Goods and Services Tax** Act.

*Explanation*.- For the purposes of this notification,-

(a) "radio taxi" means a taxi including a radio cab, by whatever name called, which is in two-way radio communication with a central control office and is enabled for tracking using Global Positioning System (GPS) or General Packet Radio Service (GPRS);

(b) "maxicab", "motorcab" and "motor cycle" shall have the same meanings as assigned to them respectively in clauses (22), (25) and (26) of section 2 of the Motor Vehicles Act, 1988 (59 of 1988).

2. This notification shall come into force with effect from the 1st day of July, 2017

[F. No. 334/1/2017-TRU]

RUCHI BISHT, Under Secy.

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 जून, 2017

**सं. 2/2017- प्रतिकर उपकर (दर)**

**सा.का.नि. 709(अ).—**केन्द्रीय सरकार, माल और सेवाकर (राज्यों को प्रतिकर) अधिनियम, 2017 (2017 का 15) की धारा 8 की उपधारा (1) और उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, यह अधिसूचित करती है कि नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट वर्णन की सेवाओं पर, जो उक्त सारणी के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट अध्याय, खंड, शीर्ष या समूह के अंतर्गत आते हैं, उक्त सारणी के स्तंभ (4) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट दर पर उपकर उदगृहीत किया जाएगा ।

**सारणी**

| क्र. सं. | सेवाओं का वर्णन | अध्याय, खंड, शीर्ष या समूह | दर (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | नकद, आस्थगित संदाय या किसी अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए किसी प्रयोजन (चाहे वह किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए है या नहीं) किसी माल के उपयोग के अधिकार का अंतरण | अध्याय 99 | उपकर की वह समान दर, जो माल में हक के अंतरण को अंतर्वलित करने वाले समान माल की पूर्ति पर लागू है |
| 2 | हक के अंतरण के बिना किसी माल के या उसके अविभाजित भाग के अधिकार का अंतरण | अध्याय 99 | उपकर की वह समान दर, जो माल में हक के अंतरण को अंतर्वलित करने वाले समान माल की पूर्ति पर लागू है |
| 3. | सेवाओं की कोई अन्य पूर्ति | अध्याय 99 | शून्य |

2. स्पष्टीकरण, - जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अध्याय", "खंड", "शीर्ष" या "समूह" शब्दों के प्रतिनिर्देश से, जहां कहीं वे आते हैं, वही अभिप्रेत होगा, जो सेवाओं के वर्गीकरण की स्कीम में क्रमश: "अध्याय", "खंड" "शीर्ष" या "समूह" का है ।

3. यह अधिसूचना 1 जुलाई, 2017 से प्रभावी होगी ।

[फा. सं. 334/1/2017-टीआरयू]

रूचि बिष्ट, अवर सचिव

## NOTIFICATION

New Delhi, the 28th June, 2017

**No. 2/2017- Compensation Cess (Rate)**

**G.S.R. 709(E).—**In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and sub-section (2) of section 8 of the Goods and Services Tax (Compensation to States) Act, 2017 (15 of 2017), the Central Government, on the recommendations of the Council, hereby notifies, that the cess, on the supply of services of description specified in column (2) of the Table below and falling in Chapter, Section, Heading or Group specified in column (3) of the said Table, shall be levied at the rate specified in the corresponding entry in column (4) of the said Table.

**TABLE**

| Sl. No. | Description of Services | Chapter, Section, Heading or Group | Rate (in per-cent.) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | Transfer of the right to use any goods for any purpose (whether or not for a specified period) for cash, deferred payment or other valuable consideration | Chapter 99 | Same rate of cess as applicable on supply of similar goods involving transfer of title in goods |
| 2 | Transfer of right in goods or of undivided share in goods without the transfer of title thereof | Chapter 99 | Same rate of cess as applicable on supply of similar goods involving transfer of title in goods |
| 3 | Any other supply of services | Chapter 99 | Nil |

2. *Explanation.*- Reference to "Chapter", "Section", "Heading" or "Group", wherever they occur, unless the context otherwise requires, shall mean respectively as "Chapter, "Section" and "Heading" in the scheme of classification of services.

3. This notification shall come into force with effect from 1st day of July, 2017.

[F. No. 334/1/2017-TRU]

RUCHI BISHT, Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

RAKESH SUKUL Digitally signed by RAKESH SUKUL
Date: 2017.06.29 03:21:55 +05'30'